भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 29.08.2022

आरेडिका में 87वाँ अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का शुभारम्भ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप 2022 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री शमशेर सिंह कलसी के द्वारा सुप्रसिद्ध एथलीट एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री बहादुर प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस चैंपियनशिप में कुल 23 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के खिलाड़ी प्रतिभाग ले रहे हैं तथा इस एथलेटिक चैंपियनशिप में लगभग 49 इवेंट में खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। जिसमें मुख्य रूप से 100मी. पुरुष/महिला दौड़, 500मी. पुरुष/महिला दौड़, लंबी कूद, हैमर थ्रो, पॉल वोल्ट, डिस्क थ्रो, 4x100मी. रिले दौड़ आदि प्रतियोंगिताएं शामिल हैं।

इसके साथ ही खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने के लिए शपथ ली और मार्च पास्ट निकालकर अपनी एकता का प्रदर्शन किया। आरेडिका के सांस्कृतिक संगठन द्वारा सभी खिलाड़ियों का स्वागत गीत से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर नाडा की टीम, रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के टेक्नीकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न खेलों के कोच एवं आरेडिका के खेल-कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार, सचिव श्री एस.एस.केरो पीसीएमएम श्री एन डी राव, पीएफए श्री जे एन पाण्डेय, पीसीईई संजय अग्रवाल एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी तथा खेलकूद संघ के कर्मचारियों सहित रेल सुरक्षा बल के जवान भी उपस्थित रहे।

29/8/2022
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी